## खबर संक्षेप

### शासकीय बालिका संप्रेषण गृह में मनाया गया बाल दिवस



**शहडोल।** बाल दिवस के अवसर पर संस्था शिवालय शिशु ग्रह सतगुरु मिशन एवं शासकीय बालिका संप्रेषण गृह में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था में निवासरत बच्चों को बाल दिवस का महत्व बताते हुए विभिन्न गतिविधियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किशोर न्याय बोर्ड से अशासकीय सदस्य श्री प्रदीप सिंह एवं श्रीमती संगीता निगम बाल कल्याण समिति से अध्यक्ष श्रीमती कल्याणी बाजपेई सदस्य श्रीमती पूर्णिमा चौधरी महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक श्रीमती संजीता भगत सहायक संचालक श्री जयंत प्रताप सिंह एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा संस्था के अधीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### कैप्सूल के नशे की गिरफ्त में युवा

**ब्योहारी।** नगरीय क्षेत्र में टैबलेट-कैप्सूल का नशा बढता जा रहा है, कम उम्र के लडक़े नशे के गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं। कुछ अपराधी किस्म के स्थानीय लडक़े जेब में टैबलेट कैप्सूल रख कर गली-गली घूमकर कम उम्र के लडक़ों को जाल में फांस उन्हें नशें का आदी बना उनसे मनमानी रकम ऐंठते है। जिसके लिए युवा चोरी, लूट जैसे अपराध के दलदल में भी फंसते हैं। लोगों की मानें तो 15-16 साल से लेकर 24-25 साल के लडक़ों को फांसकर उन्हें नशेड़ी और अपराधी बनाया जा रहा है। जानकारों के अनुसार यहां नशे के रुप में स्पास्मो प्राक्सीवान, अल्प्राजोलम, नाइट्रा जीपाम जैसी टैबलेट का नशा बच्चों के बीच तेजी से फ़ैल रहा है। ऐसा नहीं है कि इस बात की जानकारी यहां पुलिस को नहीं है, लेकिन जानकर भी अंजाम बनी पुलिस आखिर इस कैप्सूल जैसे नशे में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कोई कार्यवाही क्यों नहीं कर रही। जबकि पूर्व में यहां बड़ी मात्रा में टैबलेट कैप्सूल कफसिरप जप्त कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई थी। सूत्रों के अनुसार इस समय यहां इस काम को कुछ स्थानीय लडक़े जो कहीं बाहर से टैबलेट कैप्सूल की खेप लाकर यहां खुले आम धड़ल्ले से मोटरसाइकिल में घूम-घूम कर कम उम्र के लडक़ों को 15-20 रुपए में एक नीले कलर की कैप्सूल उपलब्ध कराते हैं। कम पैसों में यहां आसानी से एक फोन में मिल जाने वाली इस नशीली नीली कैप्सूल के शिकार कम उम्र के युवा लडक़ो की यहां बड़ी संख्या बताई जा रही है। कम पैसों में मिलने वाली इस कैप्सूल व टैबलेट को युवा लडक़े नशे के रुप में उपयोग करते हैं। नशे के इस कारोबार को पूरी तरह से खत्म करने में प्रशासन नाकाम ही साबित होता रहा है और इस नशे की गिरफ्त में फंसकर न जाने कितने युवा बर्बाद हो रहे हैं।

## जमीन घोटाले की दुर्गंध जिले भर में फैली

# रजिस्ट्री का सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा

**प्रशासन खामोश: किसानों की पुकार अब चीख बन चुकी है**

### बुढ़ार-सोहागपुर के पकरिया-कंचनपुर क्षेत्र में एग्रीमेंट

### भू-माफिया-दलाल-रजिस्ट्री दफ्तर की कथित मिलीभगत उजागर


















**शहडोल।** जिले में जमीन माफिया का जहरीला जाल अब इतना फैल चुका है कि उसकी बदबू सीधे प्रशासनिक गलियारों तक पहुंच रही है। बुढ़ार तहसील के पकरिया और सोहागपुर तहसील के कंचनपुर क्षेत्र में सामने आया ताजा मामला महज कुछ किसानों के साथ की गई ठगी नहीं, बल्कि एक संगठित और सुनियोजित जाल का हिस्सा प्रतीत होता है। काश्तकारों के आरोपों, उपलब्ध दस्तावेज़ों और घटनाओं के क्रम को देखते हुए यह साफ जाहिर होता है कि लंबे समय से भाजपा सरकार के रामराज्य के दावों के बीच जिले में भूमाफिया का अपना 'राज्य' आकार ले चुका है।

#### सस्ता एग्रीमेंट, मोटा सौदा पीछे से

किसानों का आरोप है कि शिवकुमार पटेल और उससे जुड़े लोगों ने 15 से 20 लाख रुपए के एग्रीमेंट कराए, जबकि उन्हीं जमीनों को बाद में 60 से 70 लाख रुपए में बेच दिया गया। आरोप यह कि दलालों के एक बड़े गिरोह ने बंद कमरों में नोटों की मोटी गड्डियों का खेल किया और किसानों को एग्रीमेंट की रकम तक नहीं मिली। कई काश्तकारों के अनुसार उनसे फर्जी कागजों पर हस्ताक्षर कराए गए और बाद में उनके नाम से सीधे रजिस्ट्री कर दी गई।

#### रजिस्ट्री कार्यालय की भूमिका पर सवाल

सबसे गंभीर आरोप रजिस्ट्री कार्यालय पर हैं, किसानों का कहना है कि दलालों की पकड़ इतनी मजबूत थी कि वे पूरे दिन दफ्तर में डेरा जमाए रहते थे। आरोप यह भी है कि सेवानिवृत्ति से ठीक पहले तत्कालीन रजिस्ट्रार ने विवादित, संदिग्ध और आपत्ति योग्य रजिस्ट्री के मामलों को तेजी से निपटाया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने उन पर कार्रवाई का संकेत देते हुए शिकंजा कसा भी, लेकिन इस विशिष्ट प्रकरण में अभी तक जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं देती। किसानों का आरोप है कि एक ही सर्वे नंबर पर कई-कई रजिस्ट्री कर दी गई, जमीन की वास्तविक कीमत को जानबूझकर कम दिखाया गया और करोड़ों का राजस्व गायब कर दिया गया। यह आरोप यदि सही पाए जाते हैं, तो यह सीधे सरकारी खजाने पर डाका है।

#### किसानों को धमकियां

दस्तावेज़ों के अनुसार कई किसानों के साथ एक ही जमीन पर अलग-अलग तारीखों में कई बार एग्रीमेंट कराए गए। जब किसान पैसा मांगने पहुंचे तो उन्हें कहा गया कि अब एग्रीमेंट बेकार है, क्योंकि रजिस्ट्री पहले ही हो चुकी है। विरोध करने पर उन्हें 'कानून' का हवाला देकर चुप करा दिया गया। किसानों का कहना है कि जिस कानून का सहारा दिखाया गया, वही कानून उसी कार्यालय में सबसे ज्यादा ताक पर रखा गया।

#### प्रशासन बना तमाशबीन

पीड़ितों ने संयुक्त कलेक्टर कार्यालय, बुढ़ार थाना सहित कई अधिकारियों को लिखित शिकायतें दीं, लेकिन न सुनवाई हुई, न कार्रवाई। कई किसानों का आरोप है कि स्थानीय प्रभावशाली लोगों की मिलीजुली कोशिशों से मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

#### बुढ़ार पुलिस की जांच अटकी

बुढ़ार पुलिस इस प्रकरण की जांच कर रही थी, लेकिन तीन महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं देती। 30 अगस्त 2025 के बाद से मामला जैसे जानबूझकर 'किसी के इशारे' पर दबा दिया गया हो। किसानों का कहना है कि जब जमीन की कीमतें चार गुना कम दिखाई गईं और एक ही प्लॉट कई बार बेचा गया, तो कोई अधिकारी नोटिस में क्यों नहीं आया?

#### कानून विशेषज्ञ भी चिंतित

कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि यह महज धोखाधड़ी का केस नहीं, बल्कि संगठित अपराध लगता है, जिसमें कई धाराएं लग सकती हैं, यदि इस पर भी कार्रवाई नहीं होती, तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि जिला प्रशासन या तो दबाव में है, या पूरी तरह नाकाम। किसानों की मांग है कि न्याय दो, वरना आंदोलन होगा। किसान साफ कहते हैं कि हमें हमारी जमीन का वास्तविक मूल्य मिले, जिन लोगों ने एग्रीमेंट और रजिस्ट्री की आड़ में ठगी की, उन पर कड़ी कार्रवाई हो, राजस्व चोरी की एक-एक पाई दोषियों से वसूल की जाए, रजिस्ट्री कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और दलाल सब जांच के दायरे में आएं। किसानों का कहना है, जमीन हमारी इज्जत है और शहडोल में वही इज्जत नीलाम कर दी गई।

#### भाजपा के 'रामराज्य' के दावे कटघरे में

किसानों का तंज है कि अगर यही रामराज्य है, जहां किसानों की जमीनें—दलालों के हाथ, और न्याय—फाइलों में दफन, तो फिर जिले में वास्तविक सरकार भूमाफिया की ही है। अब पूरा मामला प्रशासन की ईमानदारी की परीक्षा बन चुका है। किसानों की नजरें इस पर हैं कि आखिर कब तक यह घोटाला फाइलों में सड़ता रहेगा और कब दोषियों पर हथौड़ा गिरेगा। फिलहाल जिले में सवाल हवा में तैर रहा है कि क्या शहडोल में कानून बचेगा या भू-माफिया की 'सरकार' चलती रहेगी।

## 5 बीएलओ सुपरवाईजरों को कारण बताओ नोटिस

**उमरिया।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह ने पांच बीएलओ सुपरवाईजरो को कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिसमें गुलपत सिंह तेकाम प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल कछरवार, राकेश प्रसाद निगम एपीसी जिला शिक्षा केंद्र, एस के श्याम प्राचार्य शासकीय उमावि निगहरी, विनोद सिंह आयुष अधिकारी, पंकज कुमार श्रीवास्तव प्रधानाध्यापक शासकीय उमावि कौडिया शामिल है।

उन्होंने कहा है कि मतदान केन्द्रो में भ्रमण कर भरे हुये गणना-पत्रक वापस लिये जाने एवं उन गणना-पत्रको को ऑनलाइन किये जाने के कार्य में प्रगति लाते हुए प्रतिदिवस हेतु निर्धारित लक्ष्य पूर्ति करते हुये इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी अनुपस्थिति के संबंध में, अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपना तर्कपूर्ण जवाब प्रस्तुत करें। आपका जवाब संतुष्टिप्रद न होने अथवा आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध मध्य प्रदेश सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील ) नियम 1966 के नियम 9 के तहत कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय की ओर प्रेषित कर दिया जावेगा । विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल व्दारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है जिसमें सभी बतौर बीएलओ सुपरवाईजर कार्य कर रहें है। विगत दिवस संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया किन्तु आपके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया एवं आपके क्षेत्र की गणना -पत्रक ऑनलाइन किये जाने की प्रगति रिपोर्ट भी संतोष जनक प्राप्त नही हुई है जिसके कारण जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई। आपका यह कृत्य अत्यंत आपत्तिजनक है एवं निर्वाचन प्रक्रिया अन्तर्गत एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य में लापरवाही तथा शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना एवं अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति गैर जिम्मेदार रवैया को प्रदर्शित करता है जो कि मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का पूर्णरूपेण उल्लंघन है।

## जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**जयसिंहनगर।** जनजातीय गौरव पर्व के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में पं. अटल बिहारी बाजपेयी महाविद्यालय, जयसिंहनगर में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता पाठ्यक्रम की संपर्क कक्षा के तहत एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सातिका प्रसाद तिवारी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रामनारायण पाण्डेय, संजय पाठक, श्रीधर गर्ग, रामसुनील पनिका, राहुल द्विवेदी सहित जन अभियान परिषद् के ब्लॉक समन्वयक ऋत्विकदास मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परामर्शदाता डॉ. ओमप्रकाश शुक्ला, भगवती प्रसाद तिवारी, क्रांति गुप्ता, महेन्द्र पाल एवं वर्षा पटेल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नवांकुर संस्था से पवन तिवारी और शिवकुमार तिवारी सहित एमएसडब्ल्यू/बीएसडब्ल्यू के समस्त छात्र-छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा का संघर्ष सामाजिक जागरण और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है, जिनसे प्रेरणा लेकर युवा समाज उत्थान में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बिरसा मुंडा के पदचिह्नों पर चलकर एक जिम्मेदार और प्रभावी सामाजिक कार्यकर्ता बनने का संकल्प लिया। आयोजन में सभी की उपस्थिति और सहभागिता सराहनीय रही।

## पीएम जन औषधि केंद्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर में शुभारम्भ




**जयसिंहनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना पीएम जन औषधि केंद्र का शुभारम्भ मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल द्वारा वर्चुअल रूप से किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर मे जन औषधि केंद्र का संचालन जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा किया जाएगा, जिला रेडक्रास सोसायटी के जिला सचिव डॉ. राजेश पाण्डेय ने बताया की जयसिंहनगर मे चयनित रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट के माध्यम से पीएम जन औषधि केंद्र का संचालन किया जाएगा , जिसमे विभिन्न प्रकार की जीवन रक्षक दवाओ का लाभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मरीजों को प्राप्त होगा।

#### इनकी रही उपस्थिति

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर मे पीएम जन औषधि केंद्र के शुभारम्भ के अवसर पर जिला रेडक्रास सोसायटी जिला सचिव डॉ. राजेश पाण्डेय, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी जयसिंहनगर डॉ. आनंद प्रताप सिंह, भाजपा जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष जय श्री कचेर, जनपद पंचायत अंत्योदय समिति अध्यक्ष अरुण गौतम, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम नारायण पाण्डेय, पंकज पाण्डेय,भाजपा जिला मंत्री कविता सिंह, मंडल महामंत्री हिमांशु गुप्ता, विजय दुबे सहित अन्य अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलांतर्गत कोर्ट मोहर्रिरों की मासिक बैठक संपन्न

**चोरी-लूट के आरोपियों की जमानत पर रखी जाएगी कड़ी निगरानी**



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 16 नवम्बर को पुराने पुलिस कंट्रोल रूम में जिलेभर के कोर्ट मोहर्रिरों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायालय संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों, समंस-वारंट की तामिली तथा न्यायालयीन प्रक्रियाओं की प्रगति पर गहन चर्चा की गई।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चोरी, नकबजनी व लूट जैसे गंभीर अपराधों में पकड़े गए आरोपियों की जमानत पर विशेष निगरानी रखी जाए। ऐसे अपराधियों की जमानत होते ही संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल सूचना देने के निर्देश भी बैठक में दिए गए, जिससे निगरानी व्यवस्था मजबूत रहे और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के रीडर लक्ष्मीनारायण द्विवेदी, समंस-वारंट शाखा से सउनि सुरेश पाण्डेय, आरक्षक मेलाराम भूमिया सहित जिले के सभी न्यायालयों में पदस्थ कोर्ट मोहर्रिर उपस्थित रहे। बैठक में न्यायालयीन कार्यों को और अधिक सुचारू, समयबद्ध और प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक सुझावों पर भी चर्चा की गई तथा आगे कार्यप्रणाली को और दक्ष बनाने पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी कोर्ट मोहर्रिरों को जिम्मेदारी, पारदर्शिता और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कार्यक्षमता बढ़ाने पर बल दिया।

## सोसायटी चोरी की दो बड़ी वारदातें उजागर: पांच आरोपी गिरफ्तार, लाखों का अनाज व वाहन बरामद

**शहडोल।** जिले की देवलोंद पुलिस ने सोसायटी जनकपुर और सोसायटी धरी नं. 02 बाणसागर में हुई चावल-गेहूँ की दो बड़ी चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी गया बड़ी मात्रा में अनाज तथा वारदात में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किया है। दोनों मामलों की संयुक्त विवेचना कर पुलिस ने यह कार्रवाई की, जिससे क्षेत्र में हडक़ंप की स्थिति बनी रही। 29 मई 2025 की रात जनकपुर सोसायटी में अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलते हुए 160 बोरी चावल और 77 बोरी गेहूँ चोरी कर लिए थे। घटना की रिपोर्ट थाना देवलोंद में दर्ज की गई थी। प्रारंभिक जांच में कोई ठोस सुराग न लगने पर पुलिस ने तकनीकी और परंपरागत दोनों तरीकों से विवेचना को आगे बढ़ाया। इसी क्रम में 7-8 नवम्बर 2025 की रात सोसायटी धरी नं. 02 में ताला तोडक़र 127 बोरी गेहूं और 57 बोरी चावल, कुल मूल्य लगभग 2,57,600 चोरी कर लिए गए। लगातार दो बड़ी वारदातों के सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों प्रकरणों की संयुक्त रूप से गहन विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त वाहन को चिन्हित किया, जिसके फुटेज मिलने पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रीवा जिले के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर पाँच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



**गिरफ्तार आरोपियों में नसीम उर्फ अमन खान पिता जावेद खान, उम्र 21 वर्ष, निवासी ढेकहा, रीवा, रोहित सिंह पटेल पिता राजेन्द्र सिंह, उम्र 32 वर्ष, निवासी करहिया, थाना चोरहट, रीवा, राजेश पटेल पिता रामराज पटेल, उम्र 27 वर्ष, निवासी ढेकहा वार्ड 05, रीवा, बंटी उर्फ रजनीश दाहिया पिता मुन्ना दाहिया, उम्र 29 वर्ष, निवासी ढेकहा, रीवा, एक बाल अपचारी, जिला रीवा शामिल है।**

पूछताछ में सभी आरोपियों ने दोनों सोसायटियों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। वे पहले विभिन्न सोसायटियों की रेकी करते थे और बाद में बड़ी मात्रा में अनाज चोरी कर उसे बेच देते थे। देवलोंद पुलिस ने आरोपियों से कुल 134 बोरी गेहूं 67 बोरी चावल और चोरी में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है। बरामद मशरूका की अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख बताई जा रही है। इस सफल कार्रवाई में एसडीओपी ब्यौहारी मुकेश अबिद्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुभाष दुबे के नेतृत्व में सउनि इन्द्रलाल पुरी, प्रधान आरक्षक दिनेश शुक्ला, आरक्षक रेयाज खान, सत्यप्रकाश मिश्र, ओमप्रसाद तिवारी, अभिषेक तिवारी, आदित्य सिंह, चित्रांशु शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह, दीपक रावत एवं शिवेष त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही। देवलोंद पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही से क्षेत्र में राहत का माहौल है और लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है।

## बिरसा मुंडा कार्यक्रम से लौटते तीन युवक गंभीर, जबलपुर रेफर



**उमरिया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के आकाशकोट अंतर्गत ग्राम कटरिया में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान बाजाकुण्ड निवासी भगत पिता सुंदर सिंह उम्र 18 वर्ष, अंगद पिता वीरन सिंह उम्र 23 वर्ष और गोविंद पिता लाल सिंह उम्र 18 वर्ष के रूप में हुई है।

सूत्रों के अनुसार तीनों युवक ग्राम जगेला में आयोजित बिरसा मुंडा कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। कटरिया की खड़ी पहाड़ी पर पहुँचते ही उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे जा गिरी। तेज रफ्तार और असंतुलन के कारण तीनों को गंभीर चोटें आईं, खासकर उनके पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुँचे और 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को जिला अस्पताल उमरिया पहुँचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर होने के कारण तीनों को शनिवार रात ही जबलपुर रेफर कर दिया। हादसे की खबर से बाजाकुण्ड क्षेत्र में चिंता का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के सही कारणों की जांच की जा रही है।

**कोल्ड स्टोर बेचना है**

लोकेशन शहडोल ब्योहारी मेन रोड ग्राम धोरसा में 1.5 एकड़ जमीन मे स्थित कोल्ड स्टोर शीघ्र बेचना है।

संपर्क सूत्र- 7489565094, 6262353231

### कलेक्टर ने दो बीएलओ को किया निलंबित

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (एस. आई. आर.) कार्य में लापरवाही बरतने पर श्रीमती ऊषा पारस, प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय पाण्डवनगर शहडोल एवं मान सिंह धुर्वे प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला सिन्दुरी भरीं को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

**रजिस्ट्री गुमी सूचना**

मैं राजाराम गुप्ता आयु 58 के पिता स्व. मोहनलाल गुप्ता, निवासी बँधवाबड़ा तहसील सोहागपुर थाना व जिला शहडोल म.प्र. का हूँ मेरा आधार नं.-5791, 3250, 1706 यह कि ग्राम बँधवाबड़ा पट. हल्का बंधवाबडा तहसील सोहागपुर स्थित आराजियात खसरा क्रं.- 427/1, 427/2/2 को मैं विधिवत क्रय कर अपने नाम से विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक एमपी 378582017ए 1322338 दिनांक 14.06.2017 के माध्यम से विक्रय पत्र पंजीयन कराकर विक्रय पत्र प्राप्त कर लिया । मेरे नाम से विक्रय पत्र भूलवश कहीं खो गया है और काफी तलाश के बाद नहीं मिला। मेरे उक्त विक्रय पत्र का कहीं दुरुपयोग नहीं किया है । यह कि मैं अपने उक्त विक्रय पत्र गुमने की सूचना दर्ज कराने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा है ।

शपथकर्ता
राजाराम गुप्ता
मो.नं. - 6260509748

BV 794493

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर रेलवे सामुदायिक केंद्र में भव्य सम्मान समारोह

शहडोल।




भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रेलवे सामुदायिक केंद्र में सोमवार को भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आरंभ हुआ और शाम 6 बजे तक सांस्कृतिक उल्लास और जनजातीय गौरव के वातावरण में निरंतर चलता रहा। मध्य प्रदेश आजक्स अनुजाति जनजाति संघ, शहडोल के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों तथा बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के लोगों ने सहभागिता की।

समारोह के मुख्य अतिथि जे. एन. कंसोटिया (से.नि द्रस) रहे, जिन्होंने बिरसा मुंडा को देश की स्वतंत्रता एवं आदिवासी अस्मिता के प्रतीक के रूप में याद करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष आज भी सभी को प्रेरित करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने इतिहास और संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। विशिष्ट अतिथियों में एस. एल. सूर्यवंशी, डॉ. राम पनिका, डॉ. पी. डी. रावत, डॉ. आर. बांधव, प्रीतम कोल, डॉ. राम टेके (डीन), डॉ. एच. एन. मरावी , डॉ बी एल कोल, एड दिलीप कुमार वर्मा, डॉ मुकेश, आर के साकेत, कु प्रियंका जाटव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बिरसा मुंडा के योगदान पर प्रकाश डालते हुए जनजातीय समाज की उन्नति के लिए शिक्षा, एकता और आत्मनिर्भरता को आवश्यक बताया।

समारोह की सबसे विशेष आकर्षण सैला और कर्मा राई नृत्य की प्रस्तुतियाँ रहीं, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों पर कलाकारों ने जनजातीय संस्कृति की समृद्ध विरासत को जीवंत कर दिया। नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और लगातार तालियों की गडगड़ाहट के बीच कलाकारों का उत्साह बढ़ता गया।

कार्यक्रम में शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिले के छात्र-छात्राओं ने भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। गीत, नृत्य, कविता, भाषण एवं कला प्रदर्शनियों के माध्यम से बच्चों ने बिरसा मुंडा के जीवन और आदिवासी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया। आयोजकों ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मान पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

समारोह के अंत में संघ के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजन के सफल संचालन के लिए समिति के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही और कार्यक्रम जनजातीय गौरव दिवस के रूप में यादगार बन गया।

## विद्यालयों का संचालन प्रातः 9 बजे से किए जाने का आदेश जारी

**उमरिया।** जिले में शीत ऋतु के प्रभाव से तापमान में अचानक आयी गिरावट तथा शीत लहर व प्रातः काल अत्यधिक शर्दी व ठंड होने के कारण छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये उमरिया जिला अंतर्गत प्रातः पाली में संचालित होने वाली समस्त शासकीय/अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत प्री-प्रायमरी से कक्षा 8वीं तक के छात्र/छात्राओं के लिये विद्यालय संचालन का समय 17 नवंबर से आगामी आदेश तक प्रातः 9 बजे से नियत किया गया है।

प्रभारी कलेक्टर अभय सिंह ने कहा कि जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय/केन्द्रीय विद्यालय /सी.बी.एस.ई./एवं अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के समस्त विद्यार्थियों के लिये लागू होगा, समस्त शिक्षक निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यालयीन कार्य संपादित करेंगे।

## 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**उमरिया।** न्यायाधीश,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को किया जाएगा । लोक अदालत में न्यायिक प्रकरण, आपराधिक, सिविल, श्रम, मोटरयान दुर्घटना क्षति दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय के लंबित, प्रि लिटिगेशन के समझौता योग्य प्रि लिटिगेशन के रूप में सभी बैंको के प्रकरण ,नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा । प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यानयाधीश उमरिया ने अधिवक्ताओ एवं आम जन मानस से अपील की है कि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ।

# जिला सेनानी ने डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड का किया वार्षिक निरीक्षण





**उमरिया।** होमगार्ड मुख्यालय के रोस्टर अनुसार कार्यालय डिर्स्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड उमरिया का वार्षिक निरीक्षण जिला सेनानी सी एस चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला सेनानी द्वारा कार्यालय के समस्त रिकॉर्ड का बारीकी से निरीक्षण किया गया,इसके उपरांत होमगार्ड जवानों का परेड निरीक्षण किया गया। परेड का नेतृत्व प्लाटून कमांडर राहुल कुमार साहू द्वारा किया गया। अच्छे टर्न आउट एवं ड्रिल वाले जवानों के उत्साहवर्धन हेतु पुरुस्कृत भी किया गया, तथा सैनिकों की किट का निरीक्षण करते हुए जो भी कमी थी उनको पूर्ण करने के निर्देश दिए गए ,कार्यालय में उपलब्ध वाहनों का निरीक्षण तथा आपदा उपकरणों का निरीक्षण किया गया। निर्देशित किया गया कि समस्त आपदा उपकरणों को प्रतिदिन मुख्यालय के निर्देशानुसार चालू कर हैंडलिंग अभ्यास करेंगे। अंत में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें सैनिकों की समस्याओं को सुना गया तथा यथासंभव निराकरण किया गया।इस कार्यक्रम में कार्यालय का समस्त स्टाफ तथा होमगार्ड जवान उपस्थित रहे।

# जनजातीय गौरव दिवस पर विभिन्न स्थलों पर कार्यक्रम संपन्न

उमरिया।



जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला ने बताया कि विकासखण्ड मानपुर, करकेली,पाली में 10 नवांकुर संस्थाओं द्वारा 150 वीं भगवान बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर प्रत्येक सेक्टर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

आयोजित कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन यात्रा के बारे में बताया गया। इस दौरान बताया गया कि गौरव या स्मरण दिवस अपनी संस्कृति, पूर्वजों की परम्पराओं हमारे महापुरुषों की प्रेरक गाथाओं से जुड़ा होना चाहिए। विदेशियों द्वारा थोपे गए विचार हमारी प्रेरणा और गौरव का विषय नहीं हो सकते है। जनजाति गौरव दिवस मनाने का उद्देश्य जनजातजीय नायकों के योगदान संस्कृति और विरासत का सम्मान करना है।

इस अवसर पर बताया गया कि 15 नवम्बर 1875 को झारखण्ड राज्य में एक साधारण जनजाति परिवार में जन्म लेकर बकिरयां चराने में बिरसा का बचपन बीता। बिरसा थोड़ा बड़े हुए तो उनके मन में भी पढऩे की ललक जगी और वहीं चाईबासा के ईसाई मिशन स्कूल में दाखिला ले लिया। परंतु स्कूल में बिरसा के पहनावे को लेकर पादरियों ने मजाक उड़ाया । इस पर बिरसा ने भी पादरियों और उनके धर्म का मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। स्कूल छोडऩे के बाद बिरसा के जीवन में नया मोड़ आया स्वामी आनन्द से उनका संपर्क हुआ और उसके बाद बिरसा को महाभारत और हिन्दु धर्म का ज्ञान हुआ। यहीं से 1895 में कुछ ऐसी आलौकिक घटनाएं घटी कि बिरसा के स्पर्श मात्र से लोगों के रोग दूर होने लगे। भगवान बिरसा मुण्डा जी को धरती आबा के नाम से भी जाना जाता है। उन्होनें शोषण विरूद्ध आंदोलन और बलिदान दिया किसानों को शोषण से बचाया तथा इसके विरूद्ध आवाज उठाई ।

नवांकुर संस्था उत्सव ग्रामीण सेवा संस्थान,जया सेवा समिति , कांता देवी अत्योददय सेवा समिति, वैशाली फाउंडेशन ,नंदिनी समाज कल्यााण सेवा संस्थाथन, तरूण शिक्षा समाज सेवा समिति, मौ वैभव लक्ष्मी सेवा समिति, पैगाम फाउंडेशन, ज्ञानगंगा शिक्षा समिति पडवार,यूथ फार यूनिटी एण्ड, वालेन्ट एक्शन नवांकुर संस्थाओं के कार्यक्रम का आयोजन किया।

## कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 1 दिसबंर से किया जाएगा

**उमरिया।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, उपार्जन हेतु जारी नीति के क्रियान्वयन के लिए निर्धारित एसओपी एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशानुसार एवं अपने विभाग से संबंधित कार्य किए जाने के निर्देश प्राप्त हुये है । शासन के निर्देशानुसार जिले में पंजीकृत एवं स्लॉट बुकिंग कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 1 दिसबंर, 2025 से 20 जनवरी 2026 तक की अवधि में किया जाना है।

## 20 नवंबर से ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

**उमरिया।** जिला अग्रणी लीड बैंक मैनेजर सेवकराम सोनवानी ने बताया कि ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक का आयोजन 20 नवंबर से किया गया है । उन्होने बताया कि करकेली विकासखंड की बैठक जिला पंचायत सभागार में 20 नवंबर को मानपुर विकासखंड की बैठक जनपद पंचायत सभागार में 26 नवंबर को तथा पाली विकासखंड कि बैठक जनपद पंचायत कार्यालय सभागार मे पाली में 2 दिसंबर को आयोजित की गई है। बैठक मे सर्व संबंधितों से उपस्थिति की होने कि अपेक्षा की गई है ।

# बिजुरी में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती में हुआ कई कार्यक्रमों का आयोजन

### जनजातीय नायक को दी गई श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के 150 वीं जयंती के अवसर पर नगरपालिका परिषद बिजुरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा सहित कई प्रतिनिधियों की उपस्थित जनजातीय नायक धरती आबा बिरसा मुंडा को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। नगरपालिका पालिका कार्यालय में आयोजित जनप्रतिनिधियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई नगरपालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका ने बताया संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को याद किया और उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने हमेशा आदिवासी समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए संघर्ष किया और उनकी शिक्षाएँ आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा शैला लोक-नृत्य, और देवरी नृत्य एवं गीत के माध्यम से मनमोहने वाली प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गई जहां लोग झूम उठे विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा ने कहा कि आदिवासी समाज द्वारा देश को आजादी दिलाने के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता भगवान बिरसा मुंडा जी स्वतंत्रता सेनानी के रूप में समाज के हितों के लिए जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संदेश फैलाया। इस कार्यक्रम में पार्षद अन्नू देवी, नमिता कोल, गुंजन साहू, लक्ष्मी शुक्ला, कलावती सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिजुरी रिंकू शर्मा, महामंत्री कैलाश कोल, अनूप तिवारी, तरूणेंद्र सिंह, राजेश रजक, पुरुषोत्तम देवानी, प्रकाश महरा, रूखमणि, प्रकाश यादव, मनोज तिवारी, सूरज पनिका, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन कुमार साहू, नगर निरीक्षक विकाश सिंह परिहार, राजस्व निरीक्षक लखनलाल पनिका, डी. एन.मिश्रा, कामता सेन, पंकज श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# रामनगर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही ऑपरेशन मुस्कान के तहत 3 नाबालिग बालिकाएँ सुरक्षित दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** थाना रामनगर पुलिस ने "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के तहत एक बार फिर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम तथा एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में 'गठित तीन अलग-अलग टीमों ने 45 घंटे की सतत कोशिशों के बाद तीन नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब' करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पहले प्रकरण में, अपराध क्रमांक 269/25 धारा 137(2) की अपहता कु. वर्षा (परिवर्तित नाम) को लगातार खोजबीन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर बेंगलुरु (कर्नाटक) से सुरक्षित बरामद किया गया। दूसरे मामले में, अपराध क्रमांक 260/25 धारा 137(2) की अपहता कु. मनु (परिवर्तित नाम) को पुलिस टीम ने अंबिकापुर से दस्तयाब किया। जबकि तीसरी अपहता कु. सुरजवती (परिवर्तित नाम), जो अपराध क्रमांक 272/25 धारा 137(2) में पंजीबद्ध थी, उसे पुलिस टीम ने मरवाही से सुरक्षित किया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि तीनों ही नाबालिग बालिकाएँ परिवार की रोक-टोक, तानों और नाराजगी के चलते बिना किसी को बताए घर से निकल गई थीं। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना रामनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लगातार उनकी लोकेशन ट्रेस की और अलग-अलग टीमों को रवाना कर खोज अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप तीनों बालिकाएँ सुरक्षित मिल सकीं। दस्तयाबी के बाद बालिकाओं की बाल कल्याण समिति के माध्यम से उचित काउंसलिंग कर उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, एएसआई संतोष पट्टा, एएसआई विनोद नाहर, प्र आर आरक्षक अमित पटेल, आर चक्रधर तिवारी, महिला आरक्षक पूजा राजपूत एवं म.आर. सीमा तिवारी की सक्रिय भूमिका रही। थाना रामनगर पुलिस द्वारा की गई यह संवेदनशील एवं तीव्र कार्रवाई समाज में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करती है और "ऑपरेशन मुस्कान" की सफलता में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ती है।




# सड़क के किनारे बड़े वाहनों के खड़े होने से हर समय दुर्घटना की आशंका



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** एक और जिले में यातायात विभाग के द्वारा सड़क के किनारे खड़े वाहनों पर कार्यवाही करने का ढिंढोरा पीट रही है और वहीं दूसरी ओर कोतमा नगर में जगह-जगह सड़क के किनारे बड़े वाहनों के खड़े होने से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और यातायात विभाग की नजर ही नहीं जा रही है या यह समझा जाए की जिला मुख्यालय के अलावा यातायात विभाग के पास दूसरी जगह जाने का समय ही नहीं है या फिर कार्यवाही करने से बचती है। कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 8 उत्कृष्ट विद्यालय तिराहा से रेस्ट हाउस रोड जाने वाले रास्ते में पुराने गुलाब स्कूल के पास एक बड़ा वाहन सड़क के किनारे मोड में ही कई दिनों से खड़ा कर दिया गया है जिसके कारण दोनों तरफ से आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसके कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है सबसे ज्यादा परेशानी रात्रि के समय होती है जब सामने से आ रहा वहां दूसरे वाहन को नजर नहीं आता है कई बार तो दुर्घटना होते-होते बची। नागरिकों ने थाना प्रभारी से ऐसे वाहनों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में 29 वर्षीय युवक की मौत



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत पिपरिया गांव के पास मुख्य मार्ग में सड़क दुर्घटना में 29 वर्षीय युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि बुढानपुर गांव निवासी ऋषभ पिता राजेश उर्फ रज्जू सोनी उम्र 29 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल में रात्रि करीब 8:30 बजे अपने एक साथी मुन्नू चौधरी के साथ पिपरिया गांव से अपने घर आ रहा था तभी पिपरिया तिराहा मुख्य मार्ग में खतरनाक मोड़ होने के कारण वह गाड़ी मोड़ नहीं पाया और गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बने घर के दीवाल से जा टकराई जिससे सिर पर गंभीर चोट लगने एवं उसका साथी भी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा लाया गया जहां डॉक्टरों ने ऋषभ सोनी को मृत घोषित कर दिया उसका दूसरा साथी मुन्नू चौधरी की हालत भी गंभीर बताई जा रही है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय अनूपपुर और बाद में मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर कर दिया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

# कोतमा नगर में प्रतिदिन जगह-जगह निर्मित हो रही घंटों जाम की स्थिति

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में प्रतिदिन जगह-जगह घंटो जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। प्रशासन की उदासीनता के कारण नगर में प्रतिदिन जगह-जगह घंटो जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। आलम यह है कि ना तो यातायात और ना ही नगर प्रशासन ध्यान दे रहा है। जिसके कारण आम नागरिकों को अव्यवस्था का शिकार होना पड़ रहा है। रविवार को भी सड़क के दोनों तरफ वाहन खड़े होने के कारण घंटों जाम की समस्या से जूझना पड़ा। नगर के वार्ड क्रमांक 4 मे स्थित मुक्ति धाम के पास थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा दुकाने संचालित की जा रही है। थोक सब्जी दुकानदारों का हाल यह है कि सुबह 7:00 बजे से ही सड़क के दोनों ओर बड़े वाहन खड़े करवा दिए जाते हैं उसके बाद सड़क पर ही दो पहिया वाहन खड़े हो जाते हैं। जिसके कारण प्रतिदिन घंटो जाम की स्थिति बन जाती है। जबकि थोक सब्जी मंडी के रास्ते से ही होकर नगर पालिका कार्यालय, अस्पताल, छात्रावास, कन्या स्कूल के लिए बच्चे आना-जाना करते हैं। सुबह स्कूल जाने वाली बसों का भी आना-जाना बना रहता है। अस्पताल से मरीज को लाने ले जाने का कार्य भी एंबुलेंस के द्वारा किया जाता है। लेकिन बदहाल यातायात के कारण आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। अव्यवस्थित आवागमन होने के कारण स्थित यह निर्मित हो जाती है कि लोगों को पैदल भी चलना मुश्किल हो जाता है। कई दफा तो शव वाहन को भी जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है जबकि नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 3 में सब्जी मंडी का निर्माण लाखों रुपए खर्च करके किया गया है उसके बावजूद भी थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा दूसरे जगह दुकान संचालित किया जा रहा है। आम नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम के पास अस्पताल जाने वाले मार्ग में बदहाल यातायात व्यवस्था के सुधार कार्य कराए जाने की मांग की है। नगर में पूर्व में यातायात पुलिस की पदस्थापना की गई थी लेकिन कोरोना काल से यातायात पुलिस की तैनाती भी नगर से समाप्त कर दी गई। जिसके कारण नगर में यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित हो गई। पुलिस कप्तान मोती उर रहमान के द्वारा जिला यातायात पुलिस को निर्देश दिए गए थे कि सप्ताह में दो दिन कोतमा नगर का यातायात पुलिस भ्रमण करते हुए अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की कार्यवाही करेगी। लेकिन पुलिस कप्तान का आदेश भी बेअसर होता दिखाई दे रहा है। जिला यातायात पुलिस के द्वारा सप्ताह में तो क्या महीने में भी कोतमा नगर का भ्रमण नही करती। जिसके कारण दिन प्रतिदिन यातायात व्यवस्था नगर की चौपट होती जा रही है।


यह हाल कोई एक दिन का नहीं है रोजाना का हाल यही

# ओरिएंट पेपर मिल्स में अंतर्विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

अमलाई।

ओरिएंट पेपर मिल्स में रविवार को अंतर्विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य संचालन अधिकारी सीएस काशीकर के मार्गदर्शन में तथा जीएम एचआर रवि प्रकाश सिंह और जीएम आईआर सतीश शर्मा के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन की जिम्मेदारी कल्याण अधिकारी नागेंद्र यादव ने निभाई।रविवार को आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में 'सोन' और 'तिपान' टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया।कार्यक्रम में जीएम एचआर रवि प्रकाश सिंह और जीएम आईआर सतीश शर्मा, जीएम लेबोरेटरी संजीव जैन, जीएम एडमिन मंजीत सिंह, जीएम परचेज राजेश गंगाड़े, जीएम पेपर मशीन अनिल पांडेय, जीएम रिकवरी एवं मेंटेनेंस सुनील सिंघल, सेफ्टी मैनेजर प्रशांत सिंह, काशीनाथ उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे और मैच का आनंद लिया।अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति से कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार देखने को मिला। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों में आपसी सौहार्द, टीम भावना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना बताया गया।





## खबर संक्षेप

### चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**कटनी।** कुंदनदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता और सीएम राईज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल कटनी में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ''प्रत्येक बच्चे तक न्याय की पहुंच'' था। कुंदनदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में श्रुति बर्मन ने प्रथम, विद्या सिंह ने द्वितीय और माही बर्मन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि निबंध प्रतियोगिता में पलक बर्मन ने प्रथम, प्रीति नथानी ने द्वितीय और संध्या पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्रीमती आराधना तिवारी पैरालीगल वालेंटियर का विशेष सहयोग रहा। इसी क्रम में सीएम राईज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल कटनी में चित्रकला प्रतियोगिता में देव्यांशी तिवारी ने प्रथम, पलक गौटिया ने द्वितीय, रजनी चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्राचार्य अजय शंकर पाण्डे, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. धीरेन्द्र कुमार अग्रवाल, क्राफ्ट टीचर श्रीमती शालिनी बर्मन एवं श्रीमती अंजू रेखा तिवारी अधिवक्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत सुमित शर्मा जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोपेश गर्ग, सुश्री सिल्की कौर जुरेजा न्यायाधीशगण ने समस्त बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड तथा प्रमाण पत्र वितरित सम्मानित किया।

### विद्युत खपत को कम करने हेतु करें कारगर उपाय



**कटनी।** नगर निगम की सड़क प्रकाश व्यवस्था एवं विभिन्न कार्योलयों, प्लांटों तथा स्कूलों में प्रतिमाह होनें वाले विद्युत व्यय को कम करनें की दिशा में आवश्यक एवं कारगार उपाय किये जाए। मुख्य मार्गो की विद्युत व्यवस्था संधारण हेतु शत प्रतिशत स्थलों में टाइमर के साथ ही अनुपयोगी विद्युत के प्वाइंटों चिन्हित करते हुए प्राथमिकता से बंद करानें की कार्यवाही की जाए। उक्त निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने आयोजित विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। निगमायुक्त ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगम के विद्युत खपत नियंत्रण हेतु पुरानें मीटरों के बदलकर नवीन स्मार्ट मीटर की स्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि वास्तविक रीडिंग के आधार पर विद्युत बिल का भुगतान हो सके। उन्होंने आवश्यकता एवं लोड के अनुसार थ्री फेस कनेक्शन की जगह सिंगल फेस कनेक्शन की कार्यवाही करने के साथ ही चिन्हित 19 अनुपयोगी विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश अधिकारियों को दिए।



# त्योहारों को देखते हुए ट्रैफिक वार्डन-मित्रों को प्रशिक्षण

शहडोल।

आगामी त्यौहारों, बाणगंगा मेला तथा शहर में होने वाले बड़े जनसमागम को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक वार्डन और ट्रैफिक मित्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 14 नवंबर 2025 को न्यू गांधी चौक में दोनों टीमों ने सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करते हुए यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित किया। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में दोनों ही टीमों ने जिम्मेदारी, सतर्कता और अनुशासन के साथ ट्रैफिक संचालन किया। पुलिस विभाग द्वारा कुल 50 ट्रैफिक वार्डन-ट्रैफिक मित्र तैयार किए जाने की योजना है, जो भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, पैदल यात्री सुरक्षा और आपात स्थिति में त्वरित सहायता जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में पुलिस के साथ मिलकर काम करेंगे। इनकी सक्रिय भागीदारी से त्यौहारों के दौरान शहर में सुचारू, सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कोतवाली पुलिस की यह तत्परता और ट्रैफिक पुलिस की तैयारी, दोनों ही शहर की सुरक्षा और व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं।

# कोतवाली पुलिस ने 2 गुम नाबालिग बालकों को किया दस्तयाब

### आगामी त्योहारों को देखते हुए ट्रैफिक वार्डनों को मिला प्रशिक्षण

शहडोल।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुमशुदगी के प्रकरणों में त्वरित दस्तयाबी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने दो नाबालिग बालकों को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया। लगातार बढ़ते गुमशुदगी मामलों को लेकर पुलिस द्वारा गंभीरता से की जा रही कार्रवाई से क्षेत्र में राहत की भावना है।

### 17 वर्षीय नाबालिग की दस्तयाबी

13 नवंबर 2025 को परिजनों ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्ति उनके 17 वर्षीय बालक को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। परिजनों से प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर टीम ने पतासाजी शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 15 नवंबर 2025 को नाबालिग बालक को मिडिल बाड़ा, पत्ता गोदाम के पास, जिला शहडोल से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### 14 वर्षीय नाबालिग की बरामदगी

इसी दिन 13 नवंबर 2025 को ही दूसरी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी, जिसमें 14 वर्षीय बालक को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत की गई। मामले में अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने गहन विवेचना की और परिजनों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर लगातार खोजबीन जारी रखी। 15 नवंबर 2025 को पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उक्त नाबालिग को भी मिडिल बाड़ा, पत्ता गोदाम के पास से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया और नियम अनुसार परिजनों को सुपुर्द किया। दोनों सफल कार्रवाइयों में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राघवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक आशाराम कुशवाहा, कैलाश प्रजापति, आरक्षक विकास दुबे, अतुल शुक्ला, धीरज सिंह तथा महिला आरक्षक चंपा सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शादी से पहले दर्दनाक हादसा

# पहली मुलाक़ात बनी आखिरी, बाइक से गिरकर युवती की मौत

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम करकेली के समीप बन्ना नाला के पास रविवार दोपहर करीब 4 बजे हुए भीषण सडक़ हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। हादसे में मैहर निवासी युवती कुमकुम सोनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवक सत्यप्रकाश सोनी निवासी अनूपपुर सुरक्षित बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार युवती कुमकुम रविवार दोपहर मैहर से उमरिया बस स्टैंड पहुंची थी, जहां उसकी मुलाक़ात सत्यप्रकाश से हुई। दोनों की शादी मार्च माह में तय थी और यह मुलाक़ात विवाह पूर्व पहली औपचारिक मुलाक़ात मानी जा रही थी। सत्यप्रकाश अपने मामा के घर ग्राम पिनोरा आया हुआ था और वहीं से कुमकुम से मिलने उमरिया पहुंचा था। मुलाक़ात के बाद दोनों बाइक से पाली की ओर जा रहे थे कि रास्ते में बन्ना नाला के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। पीछे बैठी कुमकुम सडक़ पर गिर पड़ी। बताया जाता है कि बाइक चालक सत्यप्रकाश को युवती के गिरने का पता कुछ दूरी जाने के बाद चला। वापस लौटने पर उसने कुमकुम को गंभीर हालत में मृत अवस्था में पाया। घटना की भयावहता से युवक सदमे में इतना टूट गया कि प्रारंभ में उसने युवती को पहचानने से भी इंकार कर दिया। बाद में पूछताछ में उसने पूरी घटना बताई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है।

# 23 नशीली कफ सिरप बरामद, आरोपी गिरफ्तार

शहडोल।

जिले की ब्यौहारी पुलिस ने 16 नवम्बर को नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फॉरेस्ट रेस्ट हाउस के पास रहने वाले पियूष उर्फ निक्की शुक्ला पिता लक्ष्मीकांत शुक्ला उम्र 45 के घर पर दबिश देकर कोडीन युक्त प्रतिबंधित ओनरेक्स कफ सिरप के 23 नग बरामद किए। प्रत्येक बोतल की कीमत 500 रुपये होने से कुल 11,500 रुपये मूल्य का नशीला मशरूका जप्त किया गया।तलाशी के दौरान आरोपी किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह इन कफ सिरप को बिक्री हेतु अवैध रूप से रखे हुए था। पुलिस ने तत्काल उसे गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी ऋषभ छारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मोहन पड़वार, प्रधान आरक्षक महेन्द्र पाल शुक्ला, आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, अमर सिंह, धुरवेन्द्र सिंह, गंगासागर गुप्ता, जावेद तथा महिला आरक्षक माधुरी सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# विधायक पांडेय ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में किया पुस्तकालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



विकासखण्ड मुख्यालय बहोरीबंद स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर पुस्तकालय का शुभारंभ विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन का उत्थान नही है।शिक्षा से ही सर्वागीण विकास होता है। शिक्षा के नाम पर भेदभाव खत्म कर शिक्षा मैं एकरूपता कायम करना जरूरी है ताकि शिक्षा प्राप्त कर रही बालिकाओं का मनोबल बढ़े क्योंकि शिक्षा चरित्र निर्माण पर सहायक होती है।इसलिए सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार दिया गया है। छात्रावासी बालिकाओं में भाषा ज्ञान और साहित्य बोध बढ़ाने और पढ़ने की रुचि विकसित करने में पुस्तकालय कारगर साबित होंगे।शिक्षा के प्रति बालिकाओं की रुचि अधिक बढ़ेगी।

इसके लिए जवाबदेही का भी निर्वहन करें।जिससे पुस्तकालयों मैं छात्रावासी विद्यार्थियों के लिए सरल, सुपाठ्य, उत्कृष्ट और प्रेरक साहित्य और भाषा ज्ञान, बौद्धिक व व्यक्तित्व विकास सहित सामान्य ज्ञान की पुस्तकों का चयन किया गया है जिसके बेहद सफल, सुखद और उत्साहजनक परिणाम सामने आएंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार, वार्डन प्रीति चतुर्वेदी सहित विद्यालय स्टाफ सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# जनजागरूकता रैली निकाल उपभोक्ताओं को समाधान योजना दी गईं जानकारी

**बहोरीबंद विकासखंड के 31 हजार 907 उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत, सरचार्ज में छूट का मिलेगा लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

समाधान योजना के तहत बिजली कंपनी ने बड़े बकायादार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में बड़ी राहत दी है। इस योजना से बहोरीबंद विकासखंड के 31 हजार 907 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा, जिन्हें पैनल्टी में 4 करोड़ रुपए की छूट दी जाएगी। समाधान योजना के तहत बिजली उपभोक्ता सरचार्ज का लाभ लें सकते है!समाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देने विद्युत वितरण केंद्र तेवरी में विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियो द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गईं। रैली निकाल बिजली उपभोक्ताओं को जानकारियां दी गईं। तेवरी विद्युत वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता कुलदीप सैयाम ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर तीन माह से अधिक बिल बकाया है, उन्हें समाधान योजना का लाभ दिया जा रहा है। एक मुश्त भुगतान करने वाले घरेलू उपभोक्ता और किसानों का सरचार्ज 100 प्रतिशत माफ किया जाएगा। जबकि इंडस्ट्रीज पर 25 प्रतिशत और कमर्शियल उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत के सरचार्ज की छूट दी जाएगी।बड़े बकायादार उपभोक्ताओं को एक मुस्त और किस्तों में बिल का भुगतान करने की राहत दी गई है। एक साथ बिल जमा न करने पर उपभोक्ता की 6 किस्त जारी की जाएंगी जो उसे हर महीने भरनी होगी। किस्त पूरी होने के बाद ही संबंधित उपभोक्ता को सरचार्ज में छूट दी जाएगी। यदि किसी कारणवश उसकी किस्त जमा नहीं होती तो समाधान योजना के तहत मिलने वाली सरचार्ज की छूट से उसे वंचित कर दिया जाएगा।



विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक गढ़ेवाल ने बताया कि यह योजना दो चरणों में प्रारंभ की गई है। प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगी। जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह अंतिम चरण एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। इसमें 50 से 90 फीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। पहले चरण में सौ फीसदी लाभ तो दूसरे में सरचार्ज में मिलने वाली छूट को 10 प्रतिशत तक घटाया जाएगा।समाधान योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में पंजीयन कराना होगा।

## शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिये आवश्यक निर्देश

# उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ करें समन्वित प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता में परिणामोन्मुखी सुधार के लिए डाइट और शिक्षा विभाग समन्वित रूप से मजबूत दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रही।



कलेक्टर ने अपार आईडी बनाने के लिए स्कूलों में आधार केंद्र लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र वर्तमान में उपलब्ध नहीं है, उन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र शाला को प्राप्त आकस्मिक निधि का उपयोग करते हुए लोक सेवा केंद्र के द्वारा बनवा कर शत-प्रतिशत अपार आईडी बनवायें। कलेक्टर ने ड्रॉप बॉक्स के बच्चों का कार्य पूर्ण कर मैपिंग पूर्ण करने के साथ विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में तीन-तीन शालाओं को निपुण शाला बनाने हेतु निर्देशित करते हुये अधिक प्रयास की आवश्यकता वाली शालाओं के अकादमिक उन्नयन हेतु प्रत्येक शाला में मेंटर की जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्य योजना बनाकर सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही डाइट फैकल्टी को अकादमिक तथा मॉनिटरिंग की कार्य योजना बनाकर आवश्यक प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने ऑनलाईन एजुकेशन फॉर स्कूल्स एण्ड हॉस्टल के लिए वन चैनल-वन सबजेक्ट-वन डिस्ट्रिक्ट वीडियो सेलेक्ट करने के निर्देश दिए।

### बनेंगी ई-लायब्रेरी

बैठक में नवाचार के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में ई-लाइब्रेरी की स्थापना से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने फर्नीचर की कमी वाले विद्यालयों में डीएमएफ से फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करते हुये कहा कि विद्यालयो को प्राप्त राशि से विद्यालय का जीर्णोद्धार व रंग-रोगन कराने के निर्देश दिए। बैठक में प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ अकादमिक पर जोर देते हुये जिले की मॉनिटरिंग, संबधित एकीकृत प्रोफार्मा तैयार करने की जिम्मेदारी डाइट कटनी को दी गई।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने स्कूलों में नामांकन और पाठ्यपुस्तक वितरण के कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने यूनिफॉर्म, चाइल्ड ट्रैकिंग एप, यू-डाइस पोर्टल, अपार आईडी, निपुण भारत, नवभारत साक्षरता, सांदीपनि तथा पीएम श्री विद्यालय के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह मरावी, जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी, प्राचार्य डाइट एमपी डुंग डुंग, सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी, अभय जैन, बीईओ कटनी सुश्री धनश्री जैन, एपीसी सुबरन सिंह, अनिल त्रिपाठी, रामभूषण अग्निहोत्री, प्रतिभा गर्ग, प्रीति सिंह, समस्त बीआरसीसी, सांदीपनि तथा पीएमश्री विद्यालयों के प्राचार्य, डाइट अकादमिक प्रभारी राजेंद्र असाटी व ब्लॉक साक्षरता सह समन्वयक उपस्थित रहे।

# महापौर ने डामर सड़क का किया निरीक्षण करके गुणवत्ता एवं मजबूती का जायजा लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने वीर सावरकर वार्ड में हाल ही में लगभग 70 लाख की लागत से नवनिर्मित डामर सड़क के निरीक्षण के दौरान सड़क की फिनिशिंग, डामर की मोटाई, लेवलिंग, रोलिंग गुणवत्ता तथा सड़क के दोनों किनारों की संरचनात्मक मजबूती के निर्देश दिए।

महापौर श्रीमती सूरी ने आधार काप शंकर मंदिर के पास एवं संतोषी माता मंदिर से राजेश दुबे के घर तक की नव निर्मित सड़क का निरीक्षण करते हुए कहा कि अच्छी सड़कें नागरिकों की सुविधा और सुरक्षित आवागमन के लिए महत्वपूर्ण हैं, इसलिए गुणवत्ता मानकों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से सड़क की सतह की समरूपता, जॉइंटिंग, ढलान एवं सब-बेस क्वालिटी की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क किनारे नालियों एवं जल निकासी व्यवस्था का भी अवलोकन किया।



स्थानीय नागरिकों ने नवनिर्मित सड़क को वार्ड के लिए बेहतर सुविधा बताते हुए महापौर श्रीमती प्रीति सूरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सड़क तैयार होने से क्षेत्र में आवागमन काफी सुगम हुआ है। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने नाली सफाई के दौरान क्षतिग्रस्त होने की सूचना दिये जाने पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को नाली की मरम्मत कराने तथा सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने निर्देश दिए।

निरीक्षण में पहुंची महापौर ने अधिकारियों को कटनी आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज पहुंच मार्ग का रेस्टोरेशन कराने के साथ ही यह भी निर्देशित किया कि शहर में होने वाले सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## खबर संक्षेप

### पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका को किया गया सकुशल दस्तयाब

**कोतमा।** थाना कोतमा पुलिस ने "ऑपरेशन विशेष मुस्कान" अभियान के तहत उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम तथा एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में गठित टीम ने सतत कोशिशों एवं अथक प्रयास के बाद नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब करने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। थाना कोतमा के अपराध क्रमांक 375/25 धारा 137(2) की अपहृता कु .मेघना (परिवर्तित नाम) को लगातार खोजबीन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कोतमा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन सदस्यीय टीम बनाकर गुजरात के दमन रवाना कर नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया। दस्तयाबी के बाद सकुशल बालिका को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बंर शुक्ला, प्र.आर, दिनेश राठौर, आर.संजय वर्मा, म.आर. पूनम पाण्डेय और साइबर सेल से प्र. आर. राजेन्द्र अहिरवार की महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका रही। थाना कोतमा पुलिस द्वारा की गई यह संवेदनशील एवं तीव्र कार्रवाई समाज में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करती है और "ऑपरेशन मुस्कान" की सफलता में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ती है।

### महाशय राव बहादुर सिंह आर्य की 16वी पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** डीबीएम पब्लिक स्कूल अनुपपुर व अमलाई में महाशय राव बहादुर सिंह आर्य की 16वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। डीवीएम पब्लिक स्कूल अनूपपुर में क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती सुशीला कुलवंत द्वारा राव बहादुर सिंह आर्य की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद हवन यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न हुआ विद्यालय के संगीत शिक्षक ऋषि राज सिंह द्वारा सुंदर भजन की प्रस्तुति की गई।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को न्यायिक लड़ाई लड़ेंगे-विभा पांडे



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन (एटक) की प्रांतीय महासचिव कामरेड विभा पांडेय ने दमेहडी, विलासपुर, खाँटी व अमरकंटक सेक्टरों की बैठकों में कहा कि कार्यकर्ताओं को न्यायसंगत मानदेय दिलाने के लिए अब आंदोलन के साथ न्यायालय में भी लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि गुजरात हाईकोर्ट के 24,800 मासिक मानदेय के आदेश के आधार पर एटक मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर करने जा रहा है। वर्ष 2024 की 15 दिन की हड़ताल के बाद मानदेय वृद्धि, सेवानिवृत्ति भुगतान और वार्षिक बढ़ोतरी जैसे निर्णय हुए थे।

## बिजली चोरी पर विभाग हुआ सख्त, 220 कनेक्शन की हुई जांच, 43 पर प्रकरण दर्ज

# अनूपपुर ग्रामीण वितरण केन्द्र में बिजली चोरों पर हुई जुर्माना कार्यवाही







**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

बिजली की लगातार चोरी पर विद्युत विभाग फिर संगीन दिखाई पड़ रहा है। गांव गांव, शहर शहर सघन चेकिंग करते हुये बिजली चोरी करने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता (संचारण/संधारण) मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर ने नवम्बर माह के शुरूआती दौर में बैठक बुलाकर जिले के सभी ग्रामीण और शहरी कनिष्ठ अभियंताओं की टीम निर्धारित करते हुये बिजली चोरी पर सघन जांच के निर्देश दिये हैं। अधीक्षण अभियंता के निर्देशो और कार्यपालन अभियंता के मार्गदर्शन में अनूपपुर ग्रामीण वितरण केन्द्र में 14 नवम्बर 2025 को बिजली चोरी के विरूद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया, इस दौरान बिजली की चोरी करने वालों पर जुर्माना कार्यवाही की गई।

### बिजली चोरो पर की गई जुर्माना कार्यवाही

14 नवम्बर को पिपरिया, दुलहरा, सकरा, जमुड़ी, मौहरी, परसवार, फुनगा, लखनपुर, ताराडांड़, कोलमी अनूपपुर ग्रामीण वितरण केन्द्र में बिजली चोरी को लेकर 220 कनेक्शन की जांच की गई जिसमें 43 बिजली चोरी के प्रकरण दर्ज किये गये हैं। जांच के दौरान यह सामने आया कि कई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को बाईपास कर बिजली की चोरी कर रहे, घरेलू कनेक्शन से दुकान में बिजली का उपयोग, पम्प कनेक्शन से घर में बिजली चोरी, बिना कनेक्शन के बिजली चोरी कर रहे थे। कनष्ठि अभियंता ने बताया कि इस तरीके से की जा रही बिजली चोरी से राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है और यह सघन जांच लगातार जारी रहेगी।

### सयुक्त टीम का हुआ गठन, लगाजार होगी कार्यवाही

अधीक्षण अभियंता (संचारण/संधारण) मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर द्वारा बैठक बुलाते हुये संयुक्त टीम का गठन किया गया है जिसमें सहायक अभियंता कोतमा, सहायक अभियंता उपसंभाग अनूपपुर, सहायक अभियंता राजेन्द्रग्राम, कनिष्ठ अभियंता अनूपपुर ग्रामीण, कनिष्ठ अभियंता अनूपपुर शहर, कनिष्ठ अभियंता कोतमा, कनिष्ठ अभियंता बिजुरी, कनिष्ठ अभियंता चचाई, कनिष्ठ अभियंता जैतहरी की टीम बनाई गई है और निर्देश दिये गये हैं कि बिजली चोरों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये।

### इन पर हुई जुर्माना कार्यवाही

14 नवम्बर को पिपरिया, दुलहरा, सकरा, जमुड़ी, मौहरी, परसवार, फुनगा, लखनपुर, ताराडांड़, कोलमी अनूपपुर ग्रामीण वितरण केन्द्र में सघन जांच के दौरान सुभाष सिंह कोलमी मीटर बाईपास, राजेश गुप्ता जमुड़ी पंप कनेक्शन से बाई पास, जानकी चौधरी ताराडांड़ डायरेक्ट चोरी, विरेन्द्र मिश्रा फुनगा दुकान में बिजली चोरी, मुस्ताक अली डायरेक्ट चोरी, राजकुमार सेंगर जमुड़ी मीटरी बाईपास, मीरा पटेल लखनपुर डायरेक्ट चोरी, कमलचंद तिर्की तराडांड मीटर बाईपास, राकेश कुमार गुप्ता फुनगा पम्प कनेक्शन से चोरी, कोमल प्रसाद यादव पिपरिया घर निर्माण में अवैध बिजली, ऐसे कुल 43 प्रकरण दर्ज करते हुये जुर्माना की कार्यवाही की गई है।

### इनका कहना है

चेकिंग कर बिद्युत की चोरी करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

**शुभम डाबर, सहायक यंत्री**
**एमपीईबी अनूपपुर**

विद्युत चोरी करने वाले के विरूद्ध लगातार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी से अपील है कि विद्युत चोरी प्रकरणों में की गई दाण्डिक राशि का भुगतान लोक अदालत में छूट का लाभ प्राप्त करते हुये जमा करें।

**सुनील पटेल, कनिष्ठ अभियंता**
**एमपीईबी अनूपपुर**



### इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में मनाया गया बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती

### आदिवासी छात्र संगठन ( आईजीएनटीयु) इकाई ने की बड़ादेव पेनठाना की स्थापना और बढ़ाया जनजातीय समुदाय का गौरव

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आदिवासी परंपराओं का पालन करते हुए छात्रों ने सामूहिक रूप से पवित्र 'साजा' का पेड़ लगाकर बड़ादेव पेनठाना स्थापित किये। जिसमें उपस्थित जनों ने जनजातीय रीति-रिवाजों व पुरखौती व्यवस्थाओं के अनुसार बड़ादेव सुमरनी कर विश्वविद्यालय परिवार की मंगलकामनाओं के लिए अर्जी किये। पूजन समारोह में विशेष रूप से जनजातीय परंपराओं का पालन गोंड, बैगा, भारिया, भील, कोरकू, सहरिया, बोडो, मुंडा, उरांव, मीना, तथा अन्य स्थानीय जनजातियों की पारंपरिक विधियां अपनाई गईं।

**कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण-** विश्वविद्यालय परिसर में तिलका मांझी चौक पर जनजातियों के प्रकृति देवता बड़ादेव जी के पेनठाना की स्थापना की गई। आदिवासी समुदायों में बड़ादेव जी को सृष्टि का प्रथम देवता, अर्थात प्रकृति शक्ति माना जाता है।

**कार्यक्रम का आयोजन-** विश्वविद्यालय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें देश भर के अलग-अलग प्रांतों के जनजातीय समुदायों के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसमें मध्य प्रदेश के गोंड जनजातीय के कर्मा नृत्य एवं रीना नृत्य की प्रस्तुति प्रमुख है।

**बिरसा मुंडा जी के बलिदान और जनजातीय चेतना को किया गया याद-** कार्यक्रम में वक्ताओं और उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान और जनजातीय स्वाभिमान की रक्षा के प्रति उनके योगदान को याद किया। डॉ. रोहित मरावी, महेश सिंह पूर्व संरपंच ताली वह सैंकड़ो ग्रामीण जन प्रतिनिधि की मौजूदा मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी ने उनके आदर्श वाक्य को दोहराते हुए उनके मार्ग पर चलने का लिया संकल्प।

**विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को बनाया विशेष-** विश्वविद्यालय के कर्मचारी, ग्रामीणजन तथा आसपास के कई गांवों से आए आदिवासी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मिलकर बड़ादेव जी की पूजा-अर्चना की और शिक्षा संस्थानों में जनजातीय पहचान एवं संस्कृति को जीवंत रखने पर जोर दिया। जिसमें पूरी आदिवासी छात्र संगठन की कार्यक्रम को सफल बनाने में लवकेश सिंह सरस्ते, अर्चना मरकाम, जानकी मरावी, जीवन सिंह श्याम, संग्राम शाह मरावी, रितेश मरावी, सुनील मार्को, कृतिका कुशराम, दीपांजली भलावी, कृतिका धुर्वे, पलक आर्मो, महेंद्र कुमार पट्टा, कैलाश परस्ते सहित सभी की मेहनत और समर्पण रहा।

## बिजुरी पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी कर 1 लाख का सायबर फ्राड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

# कुल 87000 हजार रुपये का मशरुका जप्त

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।**



पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के निर्देशन पर सायबर संबंधी अपराधों मे गंभीरता व त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम तथा एसडीओपी श्रीमति आरती शाक्य के मार्गदर्शन में त्वरित विधिक सहायता की जाती है। सायबर फ्रॉड व मोबाइल चोरी कर 01 लाख रुपये का गवन करने वाले आरोपी को बिजुरी पुलिस द्वारा घटना की कायमी के 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया और घटना में गया पूरा मशरूका जप्त किया गया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना बिजुरी मे दिनाक 14/11/25 को फरियादी पन्नालाल नाई पिता प्रभूनाथ नाई उम्र 55 वर्ष निवासी माइनस कॉलोनी बिजुरी द्वारा यह शिकायत की गयी कि दिनांक 09.11.25 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरा मोबाइल चोरी कर मेरा फोन पे का पासवर्ड बदल कर सेंट्रल बैंक खाते से लगभग 01 लाख रुपये निकाल लिया गया है जिसकी शिकायत ऑन लाइन 1930 साइबर हेल्प लाइन पर भी की गई है घटना विवरण पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना बिजुरी मे अपराध क्र 357/25 धारा 303(2), 319(2) बीएनएस 66(ख), 66(सी), 66(डी) आईटी एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया। घटना की शिकायत ऑनलाइन होने के कारण विवेचना दौरान फरियादी के बैंक खाते से होने वाले ट्राजेंक्शन की जानकारी तत्काल प्राप्त हो गई जिसमे पाया गया सभी विवादित ट्राजेंक्शन जिला शहडोल मे हुए है। जिस पर थाना बिजुरी मे टीम बनाया जाकर जिला शहडोल रवाना किया गया उक्त खाताधारको से पूछताछ व उनके पास उपलब्ध सीसीटीव्ही फुटेज देखे गये जिसमे यह पाया गया कि सारे ट्राजेंक्शन करने वाला अमलाई निवासी सूर्या उर्फ गणेश सोनी पिता स्व. धर्मराज सोनी है जिसकी पता तलाश की गयी जिसे अमलाई से दस्तयाब किया गया तथा पूछताछ पर उसके द्वारा जुर्म कबूल किया गया तथा चोरी गया मोबाइल, फ्राड के पैसे से खरीदा गया मोबाइल तथा नगद 62,000 रुपये जप्त कराया गया है। जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया जा रहा है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि चोरी किए मोबाइल में मोबाइल लॉक नहीं था और मोबाइल फोटो गैलरी में फरियादी के आधार कार्ड की फोटो थी जिसका उपयोग करके उसने फोन पे का पिन रिसेट किया और फोन पे के माध्यम से फरियादी के खाते की सारी रकम निकाल ली गई। उल्लेखनीय है कि आरोपी शातिर चोर है जिसके विरुद्ध जिला शहडोल और जीआरपी थाने शहडोल में 07 से ज़्यादा चोरी के मामले दर्ज हैं आरोपी चलती ट्रेन में पाकेट मारी और चोरी का आदतन अपराधी है ।

### पुलिस की अपील

स्मार्ट फोन धारको से अनुरोध है कि अपने निजी एवं बैंक से संबंधित जानकारी बिना पासवर्ड के मोबाइल मे न रखें। आमजन से अनुरोध है कि किसी अनजान व्यक्ति से आनलाइन ट्राजेंक्शन से प्राप्त राशि के बदले उसे नगद पैसें न दें। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिंह, सउनि बृजेश पाण्डेय, प्रआर 87 बसंत कोल, प्रआर 171 सतीष मिश्रा, आर 502 विश्वजीत मिश्रा, आर 284 करमजीत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने हेतु करें कार्य- केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

# अमरकंटक में पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत खोला जाएगा ट्रेनिंग सेंटर





### केंद्रीय मंत्री ने आयोजित बैठक अधिकारियों को दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि अनूपपुर जिले के अमरकंटक एवं पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर का बाजार उपलब्ध कराने हेतु ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि यहां की गोड़ी चित्रकला, लकड़ी से बनी काष्ठ शिल्प कलाओं और अन्य स्थानीय हस्तशिल्पों को और अधिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। श्री सिंह ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ इस दिशा में कार्य करें, जिससे क्षेत्रीय कलाकारों और उत्पादकों को व्यापक मंच मिल सके। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अमरकंटक में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बताया कि केंद्रीय सिल्क बोर्ड और आत्मा गवर्निंग बोर्ड के माध्यम से अमरकंटक में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि यह केंद्र भारत सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से खोला जाएगा और इससे लगभग 2000 लोगों को रोजगार मिलेगा। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने स्थानीय कलाकारों को नर्मदापुरम के रेशम केंद्र का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी लेने के निर्देश भी दिए, ताकि अमरकंटक क्षेत्र में रेशम उद्योग, हैंडलूम और रेशम क्राफ्ट को स्थानीय स्तर पर और अधिक विकसित किया जा सके। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट की बड़ी भूमिका है तथा यहां रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थानीय कलाकारों को रेशम उद्योग से जोड़कर उनके कौशल और आय में वृद्धि के लिए विशेष प्रोत्साहन दिया जाए।

### केंद्रीय वस्त्र मंत्री ने किया स्थानीय शिल्प कलाओं का निरीक्षण

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने अमरकंटक में स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार की जा रही गोड़ी पेंटिंग एवं अन्य हस्तशिल्प कलाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिंह ने शिल्पकारों से सप्ताह में किए जाने वाले कार्य घंटे, मासिक आय तथा उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कारीगरों से कहा कि पारंपरिक कलाओं को सुरक्षित रखते हुए उनमें तकनीकी नवाचार जोड़ने से गुणवत्ता में सुधार और बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाई जा सकती है। मंत्री श्री सिंह ने लकड़ी के कला उत्पादों में उपयोग होने वाली विभिन्न लकड़ियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और कारीगरों के कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी सेंटर जैसे साझा कार्यस्थलों पर काम करने से उत्पादन लागत कम होती है और कलाकारों को बेहतर मुनाफा मिल सकता है। श्री सिंह ने कारीगरों को मार्केट लिंक उपलब्ध कराने तथा उनके उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। निरीक्षण के दौरान कारीगरों ने भी अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं से केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया, जिनके निराकरण के लिए उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, ग्रामीण आजीविका मिशन के डीपीएम शशांक प्रताप सिंह, राहुल पाण्डेय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अमरकंटक स्थित नर्मदा मंदिर में किया पूजन

### देश की सुख-समृद्धि के लिए मांगा आशीर्वाद

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में आज केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नर्मदा मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां नर्मदा का जलाभिषेक कर देश की जनता के कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। पूजन के पश्चात केंद्रीय मंत्री ने कहा कि "मां नर्मदा विश्व कल्याण की अधिष्ठात्री शक्ति हैं, उनकी कृपा ही देश को ऊर्जा और स्थिरता प्रदान करती है। मंदिर परिसर में स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने मंत्री का स्वागत किया। पूजा-पाठ के दौरान प्रशासनिक अधिकारी एवं मंदिर समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

**विकास और रोजगार हेतु हरिभूमि प्रतिनिधि पत्रकार उमाशंकर पांडे नें की माँग-** स्थानीय पत्रकार हरिभूमि प्रतिनिधि उमाशंकर पांडे ने अमरकंटक के समग्र विकास, विशेष रूप से रोजगार सृजन और बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करने की माँग को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को संबोधित करते



हुए, क्षेत्र की गंभीर समस्याओं पर तत्काल ध्यान देने के उद्देश्य से की गई। **मुख्य माँगें एवं मुद्दे-** हरिभूमि प्रतिनिधि पत्रकार उमाशंकर पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अमरकंटक से जुड़े निम्नलिखित प्रमुख मुद्दों और माँगो को उजागर किया। बंद 'कोष प्लांट' को पुनः चालू करना: अमरकंटक क्षेत्र में वर्षों से बंद पड़े 'कोष प्लांट' को अविलंब पुनः शुरू करने की माँग की गई, जिससे क्षेत्र में न केवल औद्योगिक गतिविधि शुरू हो, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा हों। बंद 'टीसी पीसी' परियोजना को शुरू करना: अमरकंटक में वर्षों से बंद पड़ी 'टीसी पीसी कापुल' परियोजना को फिर से शुरू करने पर जोर दिया गया। यह परियोजना स्थानीय इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। रोजगार उन्मूलन कार्यक्रम: उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अमरकंटक में एक व्यापक रोजगार उन्मूलन कार्यक्रम चलाने की माँग की, जिससे स्थानीय युवाओं को स्थायी और सम्मानजनक रोजगार मिल सके।